**प्रेस विज्ञप्ति**

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने 30 जून 2023 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा की**

**मुख्य विशेषताएँ**

- **वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही में बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बीओबी) का तिमाही निवल लाभ वर्ष-दर-वर्ष 87.7% बढ़कर 4,070 करोड़ रुपये रहा।**
- **बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने लगातार पिछली 4 तिमाहियों से 1% से अधिक आरओए और लगभग 20% आरओई का कार्यनिष्पादन किया है।**
- लाभप्रदता में यह मजबूत वृद्धि **वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही में वर्ष-दर-वर्ष 42.9% की बेहतर परिचालन आय वृद्धि के कारण संभव हो सकी।**
- वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही में **वर्ष-दर-वर्ष** 24.4% की मजबूत निवल ब्याज आय (एनआईआई) वृद्धि के साथ-साथ गैर-ब्याज आय में वर्ष-दर-वर्ष 2.8x की मजबूत वृद्धि के कारण परिचालनगत आय में वृद्धि हुई।
- संवहनीय एनआईआई वृद्धि का कारण अग्रिमों में 18.0% (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि के साथ निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) में बढ़त रहा, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष 3.27% की दर से 25 bps की वृद्धि हुई।
- आय में मजबूत वृद्धि के साथ-साथ परिचालनगत व्यय में धीमी वृद्धि से **वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही में परिचालन लाभ में 73% की उल्लेखनीय वृद्धि हुई।**
- बैंक **वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही में लागत-आय** अनुपात (निवेश के पुनर्मूल्यांकन को छोड़कर) में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 166 bps की कमी लाते हुए इसे 47.43% करने में सफल रहा है।
- **बैंक ऑफ़ बड़ौदा** ने अपनी आस्ति गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है और जीएनपीए वर्ष-दर-वर्ष 275 bps कम होकर 3.51% हो गया है। बैंक का एनएनपीए 80 bps की कमी के साथ वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 0.78% हो गया।
- **बैंक ऑफ़ बड़ौदा** का तुलन-पत्र सुदृढ़ रहा और इसका प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) टीडब्ल्यूओ के साथ 93.23% और टीडब्ल्यूओ के बिना 78.52% रहा।
- आस्ति गुणवत्ता में इस मजबूत और संवहनीय सुधार के परिणामस्वरूप वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही में ऋण लागत में वर्ष-दर-वर्ष 5 bps की गिरावट आई और यह 70 bps रही। विवेकपूर्ण प्रावधानों को छोड़कर, ऋण लागत **वित्त वर्ष'24 की** पहली तिमाही में 44 bps होती।
- रिटेल ऋण बही में सुदृढ़ वृद्धि के कारण **बैंक ऑफ़ बड़ौदा** के वैश्विक अग्रिमों में वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही में वर्ष-दर-वर्ष 18.0% की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। ऑटो ऋण (22.1%), गृह ऋण (18.4%), वैयक्तिक ऋण (82.9%), **मॉर्गेज** ऋण (15.8%), शिक्षा ऋण (20.8%) जैसे उच्च संकेंद्रण वाले क्षेत्रों में वृद्धि के कारण बैंक के ऑर्गेनिक रिटेल अग्रिमों में 24.8% की वृद्धि हुई।
- बैंक वर्ष दर वर्ष 17.0% की वृद्धि दर्ज करते हुए 30 जून 2023 को कुल 21,90,896 करोड़ रुपये के व्यावसायिक स्तर तक पहुँच गया।

## लाभप्रदता

- ❖ बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही में 4,070 करोड़ रुपये का स्टैंडअलोन निवल लाभ दर्ज किया जो वित्त वर्ष'23 की पहली तिमाही में 2,168 करोड़ रुपये था।
- ❖ निवल ब्याज आय (एनआईआई) वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही में वर्ष-दर-वर्ष 24% बढ़कर 10,997 करोड़ रुपये रही।
- ❖ वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही में वैश्विक एनआईएम 3.27% रही, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 25 bps की वृद्धि हुई।
- ❖ वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही में घरेलू एनआईएम 3.41% रही, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 34 bps की वृद्धि हुई।
- ❖ वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही में अग्रिमों पर परिलब्धि बढ़कर 8.40% हो गई जो वित्त वर्ष'23 की पहली तिमाही में यह 6.58% थी।
- ❖ वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही में जमा लागत 4.68% रही, जो वित्त वर्ष'23 की पहली तिमाही में यह 3.46% थी।
- ❖ वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही के लिए परिचालनगत आय 14,319 करोड़ रुपये रही, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 42.9% की वृद्धि हुई।
- ❖ वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही के लिए परिचालनगत लाभ 7,824 करोड़ रुपये रहा, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 72.8% की वृद्धि हुई।
- ❖ वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही के लिए लागत-आय अनुपात घटकर 45.36% हो गया, जबकि वित्त वर्ष'23 की पहली तिमाही के लिए यह 54.81% था। वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही के लिए लागत-आय अनुपात (निवेश के पुनर्मूल्यांकन को छोड़कर) वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 166 bps घटकर 47.43% हो गया।
- ❖ आस्ति पर प्रतिलाभ (वार्षिकीकृत) वित्त वर्ष'23 की पहली तिमाही के 0.68% से बढ़कर वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही में 1.11% हो गया।
- ❖ वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही के लिए इक्विटी पर प्रतिलाभ (वार्षिकीकृत) वर्ष-दर-वर्ष 640 bps बढ़कर 20.03% हो गया।
- ❖ समेकित इकाई के लिए, वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही में निवल लाभ 4,452 करोड़ रुपये रहा, जबकि वित्त वर्ष'23 की पहली तिमाही में यह 1,944 करोड़ रुपये था।

## संपत्ति की गुणवत्ता

- ❖ वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही में बैंक का सकल एनपीए वर्ष-दर-वर्ष 33.8% कम होकर 34,832 करोड़ रुपये हो गया और सकल एनपीए अनुपात वित्त वर्ष'23 की पहली तिमाही के 6.26% की तुलना में सुधरकर वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही में 3.51% हो गया।
- ❖ वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही में बैंक का निवल एनपीए अनुपात 0.78% के रिकॉर्ड निचले स्तर पर रहा, जबकि वित्त वर्ष'23 की पहली तिमाही में यह 1.58% था।
- ❖ वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही में बैंक का प्रावधान कवरेज अनुपात टीडबल्यूओ सहित 93.23% और टीडबल्यूओ को छोड़कर 78.52% रहा।
- ❖ वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही में स्लिपेज अनुपात घटकर 1.05% हो गया जो वित्त वर्ष'23 की पहली तिमाही में यह 1.71% था।
- ❖ वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही के लिए ऋण लागत 0.70% रही। विवेकपूर्ण प्रावधानों को छोड़कर वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही में ऋण लागत 44 bps होती।

## पूंजी पर्याप्तता

- जून'23 में बैंक का सीआरएआर 15.84% रहा। जून'23 को टियर-I 13.64% (CET-1 11.94%, AT1 1.70% पर) और टियर-II 2.20% पर रहा।
- समेकित इकाई का सीआरएआर और सीईटी-1 क्रमशः 16.31% और 12.51% रहा।
- चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) समेकित रूप से 143.6% रहा।

## व्यवसाय कार्यनिष्पादन

- बैंक का वैश्विक अग्रिम बढ़कर 9,90,988 करोड़ रुपये हो गया, इसमें वर्ष-दर-वर्ष 18.0% की वृद्धि हुई।
- बैंक का घरेलू अग्रिम बढ़कर 8,12,626 करोड़ रुपये हो गया, इसमें वर्ष-दर-वर्ष 16.8% की वृद्धि हुई।
- वैश्विक जमाराशि वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 16.2% बढ़कर 11,99,908 करोड़ रुपये रही।
- घरेलू जमाराशि जून'23 में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 15.5% बढ़कर 10,50,306 करोड़ रुपये रही।
- जून'23 में अंतर्राष्ट्रीय जमाराशि वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 21.0% बढ़कर 1,49,602 करोड़ रुपये रही।
- घरेलू CASA जमाराशि में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 5.5% की वृद्धि दर्ज की गई और यह 4,23,600 करोड़ रुपये रही।
- ऑटो ऋण (22.1%), गृह ऋण (18.4%), वैयक्तिक ऋण (82.9%), मॉर्गेज ऋण (15.8%), शिक्षा ऋण (20.8%) जैसे उच्च संकेंद्रण क्षेत्रों में वृद्धि के कारण ऑर्गेनिक रिटेल अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 24.8% की वृद्धि हुई।
- कृषि ऋण पोर्टफोलियो वर्ष-दर-वर्ष 15.1% बढ़कर 1,27,583 करोड़ रुपये रहा।
- कुल स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो (रिटेल और कृषि सहित) 40,652 करोड़ रुपये का रहा, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 32.1% की वृद्धि हुई।
- ऑर्गेनिक एमएसएमई पोर्टफोलियो वर्ष-दर-वर्ष 12.7% बढ़कर 1,09,220 करोड़ रुपये रहा।

***30 जून 2023 को समाप्त तिमाही का वित्तीय परिणाम***

| *विवरण ( करोड़ रुपये में)* | *वित्त वर्ष'23 की पहली तिमाही* | *वित्त वर्ष'23 की चौथी तिमाही* | *वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही* | *वर्ष-दर-वर्ष (%)* |
|---|---|---|---|---|
| *ब्याज से आय* | *18,937* | *25,857* | *26,556* | *40.2* |
| *ब्याज पर व्यय* | *10,099* | *14,332* | *15,559* | *54.1* |
| *शुल्क से प्राप्त आय* | *1,277* | *1,714* | *1,507* | *18.0* |
| *निवल ब्याज आय (NII)* | *8,838* | *11,525* | *10,997* | *24.4* |
| *परिचालनगत आय* | *10,020* | *14,991* | *14,319* | *42.9* |
| *परिचालनगत व्यय* | *5,492* | *6,918* | *6,495* | *18.3* |
| *परिचालन लाभ* | *4,528* | *8,073* | *7,824* | *72.8* |
| *कुल प्रावधान (कर के अलावा) और आकस्मिक व्यय* | *1,685* | *1,421* | *1,946* | *15.5* |
| *जिनमें से, NPA अशोध्य कर्ज निरस्तीकरण के लिए प्रावधान* | *1,560* | *320* | *1,693* | *8.5* |
| *कर-अदायगी से पूर्व लाभ* | *2,843* | *6,652* | *5,878* | *106.7* |
| *कर हेतु प्रावधान* | *675* | *1,877* | *1,807* | *167.7* |
| *निवल लाभ* | *2,168* | *4,775* | *4,070* | *87.7* |

**व्यावसायिक स्थिति**

| *विवरण (करोड़ रुपये में)* | *30 जून 2022* | *31 मार्च 2023* | *30 जून 2023* | *वर्ष-दर-वर्ष(%)* |
|---|---|---|---|---|
| *घरेलू जमा राशि* | *9,09,095* | *10,47,375* | *10,50,306* | *15.5* |
| *घरेलू CASA* | *4,01,622* | *4,42,511* | *4,23,600* | *5.5* |
| *वैश्विक जमा राशि* | *10,32,714* | *12,03,688* | *11,99,908* | *16.2* |
| *घरेलू अग्रिम* | *6,95,493* | *7,95,560* | *8,12,626* | *16.8* |
| *जिसमें से, रिटेल लोन पोर्टफोलियो (ऑर्गेनिक)* | *1,47,535* | *1,78,037* | *1,84,091* | *24.8* |
| *वैश्विक अग्रिम राशि* | *8,39,785* | *9,69,548* | *9,90,988* | *18.0* |
| *एनआईएम वैश्विक %* | *3.02* | *3.53* | *3.27* | *25 bps* |

*प्रमुख अनुपात*

| *विवरण* | *वित्त वर्ष'23 की पहली तिमाही* | *वित्त वर्ष'23 की चौथी तिमाही* | *वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही* |
|---|---|---|---|
| *संपत्ति पर प्रतिलाभ (%)* | *0.68* | *1.34* | *1.11* |
| *CRAR (%)* | *15.46* | *16.24* | *15.84* |
| *CET-1 (%)* | *11.24* | *12.24* | *11.94* |
| *सकल एनपीए (%)* | *6.26* | *3.79* | *3.51* |
| *निवल एनपीए (%)* | *1.58* | *0.89* | *0.78* |
| *पीसीआर (TWO के साथ) (%)* | *89.38* | *92.43* | *93.23* |

**5 अगस्त, 2023**
**मुंबई**

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बारे में

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ("बैंक") 20 जुलाई, 1908 को स्थापित भारतीय राज्य के स्वामित्व वाला एक बैंकिंग और वित्तीय सेवा संगठन है, जिसका मुख्यालय भारत के गुजरात में वडोदरा (जो पहले बड़ौदा के नाम से जाना जाता था) में है। 'वैकल्पिक तंत्र' योजना के तहत, सरकार ने विजया बैंक और देना बैंक का बैंक ऑफ़ बड़ौदा के साथ समामेलन की घोषणा की जो 1 अप्रैल, 2019 को लागू हुआ।
बैंक ऑफ बड़ौदा भारत के सबसे बड़े बैंकों में से एक है, जिसकी 8,205 घरेलू शाखाओं और 10,459 एटीएम एवं स्वयं-सेवा चैनलों द्वारा समर्थित कैश रिसाइक्लर्स के साथ मजबूत उपस्थिति है। 17 देशों में फैले 93 विदेशी कार्यालयों के नेटवर्क के साथ बैंक की महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति है।

हमें विजिट करें:-

वेबसाइट: www.bankofbaroda.com
फेसबुक: https://www.facebook.com/bankofbaroda/
ट्विटर: https://twitter.com/bankofbaroda
यूट्यूब: https://www.youtube.com/bankofbaroda
इंस्टाग्राम: https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
लिंक्डइन: https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:

**श्री इयान डिसूज़ा**
**मुख्य वित्तीय अधिकारी**
**बैंक ऑफ़ बड़ौदा**
**मुंबई**
**Cfo.bcc@bankofbaroda.co.in**